# जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 27.06.2022 का कार्यवृत्तः—

021

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तगर्त "हर घर नल से जल" के क्रियान्वयन के क्रम में शासनादेश संख्या—190 / छिहत्तर—1—2020—25 / 2019 दिनांक 24.09.2019 द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार कार्य सम्पादित कराये जाने है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्रांक 2131 / डब्लू—22 / एन.आई.टी. / 2020—21 दिनांक 13.10.2021 के द्वारा मैं0 इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) एवं SWSM के पत्रांक 3577 / डब्लू—25(कानपुर) / 2021—22 दिनांक 07.01.2022 द्वारा मैं0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0 तथा SWSM के पत्रांक 3575 / डब्लू—25(कानपुर) / 2021—22 दिनांक 07.01.2022 द्वारा मैं0 वी0एस0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0—एस0सी0एल0 इन्फ्राटेक लि0 को प्राक्कलन तैयार कर पाइप पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना तथा 10 वर्ष का अनुरक्षण कार्य भी कराना है।

शासनादेश संख्या—2064 / छिहत्तर—1—2020—25सम / 2019 दिनांक 29.10.2020 द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार लागत रू0 2.00 करोड़ से अधिक समस्त डी0पी0आर0 की तकनीकि एवं वित्तीय स्वीकृति कार्यालय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा प्रदत्त की जायेगी। तत्क्रम में 20 नग प्राक्कलन दिनांक 30.09.21 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये गये। तदोपरान्त शासनादेश संख्या—36 / 2021 / 1599(1) / छिहत्तर—1—2021—25सम / 2019 दिनांक 08.07.2021 द्वारा उपरोक्त शासनादेश दिनांक 29.10.2020 एवं शासनादेश संख्या—16 / 2021 / 948 / छिहत्तर—1—2021—25सम / 2019 दिनांक 19.05.2021 में आंशिक संशोधन कर रू0 5.00 करोड़ तक की लागत का परीक्षण जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा किया जायेगा। फलस्वरूप कार्यदायी संस्था द्वारा तैयार किये गये 74 नग प्राक्कलनों की विशिष्टियों का परीक्षण कर सक्षम स्तर से (मुख्य अभियन्ता का0क्षे0) तकनीकि स्वीकृति उपरान्त प्राक्कलन दिनांक 13.12.2021 को कार्यालय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ प्रेषित किये गये। इस प्रकार जनपद अन्तर्गत अवशेष ग्रामों में चरणबद्ध रूप से पाइप पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन तैयार करने है।

जनपद में नामित तीनों संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत 87 नग प्राक्कलनों की विशिष्टियों का परीक्षण कर उ0प्र0 जल निगम द्वारा सक्षम स्तर से (मुख्य अभियन्ता का0क्षे0) तकनीकि स्वीकृति उपरान्त प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की समिति सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

बैठक में शासन द्वारा गठित समिति सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा समिति सदस्यों द्वारा कुल 87 नग प्राक्कलनों के अवलोकन उपरान्त समस्त प्राक्कलन उचित पाये गये। उपरोक्त परियोजनाओं में यदि भूमि विवाद अथवा किसी तरह का अवरोध उत्पन्न होता है तो सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम) द्वारा प्रेषित एजेण्डा नोट में सम्बन्धित प्राक्कलन पर सम्यक विचारोपरान्त स्वीकृति हेतु कार्यालय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रकरण प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया जाता है।

(एम0के0 सिंह)

(अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कानपुर देहात

अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिचाई कानपुर देहात (सदस्य)

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ–जल विभाग, कानपुर देहात (सदस्य)

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात (सदस्य)

जिला कृषि अधिकारी कानपुर देहात (सदस्य)

प्रभागीय वनाधिकारी कानपुर देहात (सदस्य)

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात (सदस्य)

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कानपुर देहात (सदस्य)

परियोजना निदेशक ग्राम विकास अभिकरण कानपुर देहात(सदस्य)

02 जून के GO को include किया जाय

जिला विकास अधिकारी

कानपुर देहात (सदस्य)

12/7/22

मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कानपुर देहात

(नेहा जैन)

जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कानपुर देहात

पृ0सं0 632 / एम–18 (ए) /166 दिनांक 12.07.2022

**प्रतिलिपि**:–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर देहात।
2. जिला विकास अधिकारी, कानपुर देहात।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, कानपुर देहात।
4. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कानपुर देहात।
5. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर देहात।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कानपुर देहात।
7. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, कानपुर देहात।
8. अधिशासी अभिययन्ता, भूगर्भ–जल विभाग, कानपुर देहात।
9. जिला कृषि अधिकारी, कानपुर देहात।
10. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, कानपुर देहात।
11. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर देहात।
12. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर देहात।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
कानपुर देहात।